Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 30 मार्च 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 181

# मुख्तार अंसारी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई सामने, कड़ी सुरक्षा के बीच शव गाजीपुर रवाना; आज होगा सुपुर्द-ए-खाक

**बांदा । आरएनएस**

माफिया सरगना और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव पोस्टमार्टम के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच बांदा से उसके पैतृक जिले गाजीपुर के लिए रवाना कर दिया गया। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मुख्तार के शव की पोस्टपार्टम कार्रवाई पांच चिकित्सकों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के साथ लगभग दो घंटे में पूरी की। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है।

इससे पहले मुख्तार अंसारी का पुत्र उमर अंसारी , दो भतीजों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने में शामिल रहे। जिसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्तार का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके पुत्र उमर अंसारी के सुपुर्द किया गया और शव को लगभग 26 वाहनों के साथ पूर्व में तय मार्गो से उसके पैतृक



स्थल गाजीपुर जिले के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

गौरतलब है कि गुरुवार की शाम बांदा मंडल कारागार में निरुद्ध माफिया मुख्तार अंसारी की हालत अत्यधिक गंभीर हुई जिसके बाद जिला प्रशासन ने तत्काल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ उसे राजकीय रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां नौ डाक्टर के पैनल ने उसका उपचार किया लेकिन लगभग दो घंटे के उपचार के बीच हृदय रुक जाने से मुख्तार की मृत्यु हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल मेडिकल कॉलेज में अर्ध सैनिक बल , पी ए सी सहित तमाम सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। साथ ही मंडल कारागार सहित बांदा नगर के चप्पे चप्पे में पुलिस और पीएसी जवान जवान तैनात कर पूरे बांदा शहर की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े और बड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

### मुख्तार की मौत के बाद प्रयागराज में हाईअलर्ट

पूर्वांचल के माफिया कहे जाने वाले मुख्तार अंसारी की गुरूवार रात बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हार्ट अटैक से मौत के बाद पूरे यूपी में हाईअलर्ट है। जिले में जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त प्रयागराज पुलिस की तरफ से किये गए। देर रात से ही प्रयागराज के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर दी थी। पुलिस और आरएएफ के जवानों ने लगातार फ्लैग मार्च कर लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही सतर्कता मे ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गयी। कोतवाली क्षेत्र के चौक में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए जामा मस्जिद के पास भारी संख्या में पुलिस के साथ आरएएफ और पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य इलाको में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

### मुख्तार अंसारी की मौत से वेस्ट यूपी के जिलों में अलर्ट, सडक़ों पर निकले पुलिस अधिकारी

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पश्चिमी यूपी के जिलों में अलर्ट कर दिया गया है। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने रात में सडक़ पर उतर कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की सूचना के बाद सहारनपुर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। वहीं, मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में गश्त बढ़ाई गई है। एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा और डीआईजी अजय साहनी पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। उधर, मेरठ में भी पुलिस अधिकारियों ने रात में सडक़ पर उतर कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेरठ में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में गश्त बढ़ाई गई है।

बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की खबर के बाद शहर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। डीजीपी के निर्देश बाद देर रात तक पुलिस फोर्स संवेदनशील इलाकों में गश्त करते रहे। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर कोई आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर न डाले। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुम्मे के मद्देनजर शहर भर में पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। उधर, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्तार अंसारी की मौत थाना प्रभारी व सर्किल सीओ अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के आदेश दिए, सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घरेलू विवाद का खौफनाक अंत: पत्नी और तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या

**मोतिहारी (आरएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है। वह मौके से फरार है। पुलिस के मुताबिक, बावरिया गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर एक घर से एक महिला और तीन बच्चियों का शव बरामद किया गया। सभी की धारदार हथियार से काटकर हत्या की गई है। पुलिस उपाधीक्षक रंजन कुमार ने आईएएनएस को बताया कि हत्या के बाद मृतक महिला का पति घर से फरार है। मृतक बच्चियों की उम्र नौ से 14 वर्ष के बीच है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया घटना का कारण पारिवारिक विवाद प्रतीत हो रहा है। इससे पहले भी आरोपी अपनी पत्नी व बच्चों की हत्या की कोशिश कर चुका था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन से 14 लोगों की मौत

**एंटानानारिवो ।** मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। वहीं तीन लोग अभी भी लापता हैं। इसकी जानकारी मेडागास्कर के मौसम अधिकारियों ने दी। रिपोर्ट के हवाले से मेडागास्कर के राष्ट्रीय जोखिम और आपदा प्रबंधन कार्यालय (बीएनजीआरसी) ने कहा कि गैमेन ने सुबह मेडागास्कर के उत्तरी सिरे पर दस्तक दी। 150 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। चक्रवात से 9,024 घरों सहित 36,307 लोग प्रभावित हुए। लगभग 18,565 लोगों या 4,849 परिवारों को विभिन्न इलाकों में फैले 68 आपातकालीन स्थलों को खाली करने और अन्यत्र शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। बीएनजीआरसी के अनुसार, चक्रवात गैमेन से आई बाढ़ ने व्यापक क्षति पहुंचाई। 6,675 घर और 1,698 धान के खेत जलमग्न हो गए। 617 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए।

### अमरूद मुआवाज घोटाला: 3.89 करोड़ की नकदी जब्त

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमरूद मुआवजा घोटाले में इसी हफ्ते में जो छापेमारी की थी उसके तहत करीब 3.89 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। यह छापेमारी फिरोजपुर, मोहाली, बठिंडा, बरनाला, पटियाला और चंडीगढ़ में की गई थी। नकदी के अलावा आपत्तिजनक साक्ष्य, संपत्ति के दस्तावेज, मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। ध्यान रहे कि ईडी ने विभिन्न जगहों पर यह छापेमारी ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) की ओर से एक्वायर की जाने वाली जमीन पर फर्जी तरीके से अमरूदों के बाग दिखाकर करोड़ों रुपये का मुआवजा हासिल करने के चलते आइएएस अधिकारियों, बागवानी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, प्रापर्टी डीलरों, सरपंचों, पंचों, पटवारियों, सीए के घरों पर की गई। मामला 2016 का है जब ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) ने आईटी सिटी के पास एयरोट्रोपोलिस आवासीय परियोजना और उसी जिले में एक एयरोसिटी स्थापित करने के लिए एसएएस नगर (मोहाली) के विभिन्न गांवों की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की थी।

# मुकेश की आवाज कहे जाने वाले सिंगर कमलेश अवस्थी का निधन, संगीत जगत में शोक की लहर

**अहमदाबाद । आरएनएस**



मुकेश की आवाज कहे जाने वाले सिंगर कमलेश अवस्थी का 78 वर्ष की आयु में अहमदाबाद में उनके घर पर निधन हो गया। वह पिछले एक महीने से कोमा में थे। अवस्थी के निधन से संगीत जगत में एक खालीपन सा आ गया। उन्होंने ने 'गोपीचंद जासूस' में राज कपूर के लिए अपनी आवाज दी थी। वह 'प्यासा सावन' के हिट गाने 'तेरा साथ है तोज्' के लिए मशहूर थे। अवस्थी की एक और उल्लेखनीय प्रस्तुति फिल्म 'नसीब' का गाना 'जिंदगी इम्तिहान लेती है' थी।

1945 में सावरकुंडला में जन्मे अवस्थी ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने भावनगर विश्वविद्यालय और भावनगर में कला गुरु भारभाई पंड्या के मार्गदर्शन में अपने संगीत करियर की शुरुआत की। उन्हें अपने एल्बम 'ट्रिब्यूट टू मुकेश' से प्रसिद्धि मिली, जो महान गायक मुकेश के साथ उनकी गायन समानता को दर्शाता है।

उनकी आवाज ने उन्हें 'मुकेश की आवाज' का खिताब दिलाया, खासकर तब जब राज कपूर ने फिल्म 'गोपीचंद जासूस' के लिए उनके गायन की प्रशंसा की, और कहा कि ऐसा लगा जैसे मुकेश वापस आ गए हैं। संगीत उद्योग विशेषकर गुजराती सिनेमा में अवस्थी के योगदान ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। उनकी विरासत में कई गुजराती गाने और स्टेज शो में सक्रिय उपस्थिति शामिल है, जिससे उन्हें क्षेत्रीय संगीत परिदृश्य में प्रतिष्ठा मिली।

**जम्मू-कश्मीर में बड़ा हादसा**

# यात्री कैब के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत

**श्रीनगर । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर से एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक, जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन इलाके में हादसे का शिकार हो गई है। कैब रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार हादसे में 10 लोगों की मौत की अशंका है।

पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी रामबन मौके पर पहुंचे लेकिन इलाके में गहरी खाई, अंधेरे और बारिश के कारण बचाव अभियान शुरू होने में समस्या आ



रही है। वहीं रामबन इलाके में हुए इस बड़े हादसे में कैब में यात्रा कर रहे कई यात्रियों की मौत की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में दुर्घटनास्थल से कथित तौर पर 10 शव बरामद किए गए हैं।

**रामबन सडक़ हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख-** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में हुए हादसे पर दुख जताया है। साथ ही घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

इसके अलावा पीएमएनआरएफ से मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 की मदद दी जाएगी।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक गाड़ी के खाई में गिरने से अनेक लोगों के हताहत होने का समाचार बहुत दुखद है।

# गाजा के अस्पताल में दूसरी बार भड़की लड़ाई, 200 से अधिक लोगों की मौत- 800 लड़ाके गिरफ्तार

**यरुशलम**

गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल और इसके आसपास के इलाकों में भीषण लड़ाई जारी है। साढ़े पांच महीने के युद्ध में गाजा सिटी में दूसरी बार लड़ाई भडक़ी है। हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाके अस्पताल के भीतर और अन्य ठिकानों से इजरायली सैनिकों और उनके टैंकों पर रॉकेट और मोर्टार से हमले कर रहे हैं। 18 मार्च को अस्पताल परिसर में घुसे इजरायली सैनिकों ने अभी तक वहां पर 200 से ज्यादा लड़ाकों को मारा है।



इजरायली सैनिकों ने अस्पताल परिसर से 800 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में करीब 500 की हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के तौर पर पुष्टि हो चुकी है। गाजा के सबसे बड़े इस अस्पताल में हजारों बेघर लोगों ने शरण ले रखी है। इनके बीच छिपे लड़ाकों ने जब इजरायली सैनिकों पर हमले शुरू किए तब अस्पताल परिसर में इजरायली सेना घुसी थी। लड़ाई में अस्पताल परिसर में शरण लिए आमजनों और मरीजों के घायल होने की सूचना है। लड़ाई के चलते उनके इलाज में बाधा आ रही है। समुचित इलाज के अभाव में पांच लोगों के मरने की सूचना है।

अस्पताल में मौजूद आमजनों और मरीजों के लिए खाने की किल्लत भी पैदा हो गई है। गाजा के कई अन्य स्थानों पर भी लड़ाई जारी है, मरने वाले कुल फलस्तीनियों की संख्या बढक़र 32,552 तक पहुंच गई है। इस बीच फलस्तीन प्राधिकार के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गुरुवार को नया मंत्रिमंडल घोषित किया। करीब 20 वर्षों से प्राधिकार का नेतृत्व कर रहे अब्बास ने मार्च के शुरू में अपने निकट सहयोगी मुहम्मद मुस्तफा को प्रधानमंत्री बनाया था। अब वह विदेश मंत्री की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

# दर्दनाक हादसा : बस पुल से खाई में गिरी, 45 की मौत; सिर्फ एक बच्ची की बच सकी जान

**केपटाउन**

दक्षिण अफ्रीका में ईस्टर सेलिब्रेशन के लिए लोगों को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई। पुल से गिरने के बाद बस में आग लग गई जिसके चलते कम से कम 45 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी। देश के उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल 8 साल की एक बच्चा जीवित बची है जिसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्ची को भी हालांकि गंभीर चोटें आई हैं।

लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि बस ममातलकाला पुल से 164



फुट नीचे खाई में गिर गई जिसके बाद उसमें आग लग गई। प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है। उनके मुताबिक ऐसा लगता है कि बस के ड्राइवर ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और उसकी भी मौत हो गयी।

राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री सिंडिसिवे चिकुंगा एक सडक़ सुरक्षा अभियान के लिए लिम्पोपो प्रांत में मौजूद थीं और उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि चिकुंगा ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ईस्टर की छुट्टियों के दौरान सडक़ दुर्घटनाओं के खतरे से अक्सर आगाह करती रहती है क्योंकि यह सडक़ यात्रा के लिए व्यस्त और खतरनाक समय होता है। पिछले साल ईस्टर वीकेंड के दौरान सडक़ दुर्घटनाओं में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# मंडी में रोड शो के दौरान सुप्रिया श्रीनेत के 'विवादित पोस्ट' पर बरसीं कंगना

**मंडी । आरएनएस**

हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा उन पर दिए गए विवादित बयान को लेकर चुनावी सभा के दौरान पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मंडी की बहन-बेटियों के बारे में इस तरह की सोच रखना कितनी नीचता की बात है।

कंगना रनौत ने एक रैली में कहा, मुझे सौभाग्य मिला, मेरी प्रसन्नता की कोई सीमा ही नहीं है। अपने घर, अपने लोग, अपने देश वापस आकर कौन खुश नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस को ये खुशी नहीं भाई। उन्होंने अपनी कुराजनीति शुरू कर दी। उनके नेता राहुल गांधी कहते हैं कि हिंदुओं में जो शक्ति होती है उसे मुझे नष्ट करना है, वह इस तरह की बातें करते हैं।

सुप्रिया श्रीनेत के बयान पर कंगना रनौत ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रवक्ता कहती हैं कि मंडी में जो लड़कियां हैं उनके भाव क्या चल रहे हैं। इस तरह की नीच और अभद्र बातें सुनकर किसका दिल नहीं घबराएगा। वो मंडी जहां ऋषि पराशर ने इतनी तपस्या की, वो मंडी जहां शिवरात्रि का सबसे बड़ा मेला लगता है। मंडी की बहन-बेटियों के बारे में इस तरह की सोच रखना कितनी नीचता की बात है। लेकिन इनसे क्या उम्मीद की जा सकती है।

इससे पहले अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंडी संसदीय क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, आप देख सकते है कि मंडी में कितनी भीड़ उमड़ी है, कितने लोग गर्वित हैं कि मंडी की बेटी और मंडी की राष्ट्रवादी आवाज इस चुनाव में यहां का प्रतिनिधित्व करेगी।

कंगना रनौत ने आगे कहा कि विकास का मुद्दा हमारे लिए मुख्य है और भाजपा की लीडरशिप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिशा में हमारा मार्गदर्शन करेंगे, उस दिशा में हम काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

हिमाचल प्रदेश के मंडी से अभिनेत्री कंगना को भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट दिए जाने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद सुप्रिया श्रीनेत ने यह पोस्ट डिलीट कर दिया था।

वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के विवादित पोस्ट को लेकर भाजपा नेता और नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने दिल्ली के उपराज्यपाल को खत लिखकर महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले सुप्रिया के बयान पर एफआईआर दर्ज करने और इसकी जांच करवाने की मांग की है। एलजी ने बांसुरी की शिकायत को दिल्ली पुलिस आयुक्त को भेज दिया और मामले की वैज्ञानिक जांच करने के साथ अगर जरूरी हो तो कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# बिल गेट्स ने लिया मोदी का इंटरव्यू : पीएम बोले-भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में डीपफेक एक बड़ी चिंता

**नई दिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करती है, लेकिन ऐसी तकनीक के दुरुपयोग से डीपफेक का बड़ा खतरा भी है।

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति कारोबारी बिल गेट्स के एक सवाल कि भारत एआई को कैसे देखता है, पीएम मोदी ने कहा कि एआई जैसी प्रौद्योगिकियों को संभालने के लिए उचित प्रशिक्षण आवश्यक है।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने एआई और इसके जोखिमों पर विशेषज्ञों से



बातचीत की है। मैंने सुझाव दिया कि हमें गलत सूचना को रोकने के लिए एआई-जनित सामग्री वॉटरमार्क के साथ शुरुआत करनी चाहिए। एआई-जनित सामग्री के उचित स्रोतों का भी उल्लेख किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने गेट्स से कहा, लोगों को धोखा देने के लिए कोई मेरी आवाज का दुरुपयोग भी कर सकता है और इस तरह के डीपफेक से हंगामा हो सकता है। हमें डीपफेक पर नियंत्रण के लिए काम करने की जरूरत है।

प्रधान मंत्री के अनुसार, एआई को एक जादुई उपकरण के रूप में उपयोग करना या चैटजीपीटी को पत्र लिखने के लिए कहना, इस अद्भुत तकनीक के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को बेहतर बनाने और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए एआई के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।

पीएम मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक से कहा, भारत में अनेक भाषाएं और बोलियां हैं और हमें लोगों की मदद के लिए उन्हें पहचानने और उन्हें अपनाने के लिए एआई पर जोर देने की जरूरत है।